# सराहनीय कार्य

## थाना खालापार जनपद मुजफ्फरनगर

**थाना खालापार पुलिस द्वारा मात्र 12 घण्टे में चोरी की घटना का सफल अनावरण करते हुए घटना में शामिल 02 शातिर चोरों को गिरफ्तार किया गया जिनके कब्जे से चोरी का सामान - AC के कॉपर के कटे हुए पाईप व 09 अदद टोटी भिन्न-2 प्रकार की चोरी की बरामद की गयी।**

श्रीमान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय के निर्देशन व श्रीमान पुलिस अधीक्षक नगर महोदय के निकट पर्यवेक्षण मे तथा श्रीमान सहायक पुलिस अधीक्षक /क्षेत्राधिकारी नगर महोदय के नेतृत्व में जनपद मे शातिर अभियुक्तो की गिरफ्तारी के सम्बन्ध में चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत कार्यवाही करते हुए थाना खालापार पुलिस मात्र 12 घण्टे के अन्दर चोरी की घटना का सफल अनावरण करते हुए घटना में शामिल 02 शातिर चोरों को गिरफ्तार किया गया जिनके कब्जे से चोरी का सामान – AC के कॉपर के कटे हुए पाईप व 09 अदद टोटी भिन्न भिन्न प्रकार की चोरी की बरामद की गयी।

**घटना का विवरण**

अवगत कराना है कि दिनांक 30.08.2026 को श्री मनीष कुमार पुत्र ईश्वर सिंह निवासी जिला चिकित्सालय जिला मु0नगर हाल प्रबन्धक गुल मोहर बैंकट हाल गुप्ता रिसोर्ट मु0नगर द्वारा उपस्थित थाना आकर एक किता प्रार्थना पत्र बावत गुलमोहर बैंकट हॉल निकट गुप्ता रिसोर्ट से टायलेट की टोटी और AC के काँपर पाइप किसी अज्ञात चोरो द्वारा चोरी करने के सम्बन्ध में लाकर दाखिल किया जिसके आधार पर थाना खालापार पर मु0अ0सं0 146/26 धारा 305(ए)/317(2) बीएनएस पंजीकृत किया गया। जिसकी विवेचना उ0नि0 श्री विकास सिंघल के सुपुर्द की गयी। घटना के अनावरण एवं माल की बरामदगी व अभियुक्त कि गिरफ्तारी हेतू थाना स्तर पर टीम गठित की गयी। पुलिस टीम द्वारा बरामदगी व अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतू अलग – अलग स्थानो पर लगे सीसीटीवी कैमरे चैक किये गये व मुखबिर मामूर किये गये। जिसके क्रम में दिनांक 31.08.2026 को मुखबिर की सूचना पर शामली वाईपास रोड वहलना पुल के नीचे पीलर के पास से अभियुक्त गण 1. अनस पुत्र पप्पू निवासी मकान मालिक मारुफ नन्ही दुनिया स्कूल के पास मौ0 खेडा पट्टी सुजडू थाना खालापार

जनपद मु0नगर 2. इमरान पुत्र अफजाल उर्फ गुलजार नि0 ग्राम नरा थाना मन्सूरपुर जनपद मु0नगर को AC के कॉपर के कटे हुए पाईप व 09 अदद टोटी भिन्न-2 प्रकार के साथ गिरफ्तार किया गया ।गिरफ्तारी एवं बरामदगी के आधार पर मुकदमा उपरोक्त में धारा 317(2) बीएनएस की वृद्धि की गयी। अभियुक्त को समय से मा0 न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है। गिरफ्तारी एवं बरामदगी के आधार पर आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्तगणो का नाम व पता**

1. अनस पुत्र पप्पू निवासी मकान मालिक मारुफ नन्ही दुनिया स्कूल के पास मौ0 खेडा पट्टी सुजडू थाना खालापार जनपद मु0नगर
2. इमरान पुत्र अफजाल उर्फ गुलजार नि0 ग्राम नरा थाना मन्सूरपुर जनपद मु0नगर

**गिरफ्तारी का दिनांक व समय**

31.08.2026 समय 00.01 बजे

**अभियोग का विवरण**

1. मु0अ0सं0- 146/2026 धारा 305(ए)/317(2) बीएनएस थाना खालापार जनपद मु0नगर

**बरामदगी का विवरण**

1- 09 अदद टायलेट की टोटी भिन्न भिन्न प्रकार की

2- AC के कॉपर पाईप

**आपराधिक इतिहास**

मु0अ0सं0- 146/2026 धारा 305(ए)/317(2) बीएनएस थाना खालापार जनपद मु0नगर

**विवेचक**

उ0नि0 श्री विकास सिंघल

**गिरफ्तारी करने वाली टीम के नाम**

उ0नि0श्री विकास सिंघल (चौकी प्रभारी वहलना)

है0का0 484 मनोज कुमार

का01149 सन्दीप कुमार

का0 04 सौरभ गौर

(बबलू सिंह वर्मा )
प्रभारी निरीक्षक
थाना खालापार
जनपद मु0नगर